नव भारत



तृतीय मां चंद्र घंटा

## मां चंद्र घंटा की होगी पूजा

नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्र घंटा की पूजा-अर्चना की जाती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है. मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र हैं, जिसके कारण मां को चंद्रघंटा कहा जाता है. मान्यता है कि मां ने अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा है.

**पूजा विधि-** सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें फिर पूजा स्थल को साफ करें। अब मां को गंगाजल से स्नान कराएं और फिर उन्हें धूप, दीप, चंदन, सिंदूर, पुष्प अर्पित करें और मिठाई का भोग लगाएं. अब मां चंद्रघंटा के मंत्र देवी चन्द्रघण्टायै नमः का जाप करें. मां दुर्गा की आरती उतारें और दुर्गा चालीसा का पाठ करें.

# पूरे प्रदेश में हवाई सेवा

## कैबिनेट में निर्णय : धार्मिक से लेकर पर्यटक स्थल तक अब एयर कनेक्टविटी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 23 सितंबर. प्रदेश में छोटे शहरों और कस्बों तक हवाई कनेक्टविटी बढ़ाने के लिये हैलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी. ये सेवा पीपीपी मोड में शुरू की जायेगी, इसके लिये निजी ऑपरेटरों को मौका दिया जाएगा. ये सेवा प्रदेश के पर्यटक स्थलों के अलावा प्रदेश के छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ देगा. ये सेवा प्रदेश के भोपाल, इंदौर जैसे बड़े शहरों के अलावा तीन दर्जन से अधिक स्थानों को हवाई नेटवर्क से जोड़ देगा. इस तरह लगभग पूरा प्रदेश ही हवाई सेवा के दायरे में आ जायेगा.**



कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के तहत राज्य सरकार प्रदेश के हवाई अड्डों, हवाई पट्टी और हैलीपेड के उपयोग की अनुमति निजी ऑपरेटरों को देगी. इस सेवा से प्रदेश के सभी धार्मिक शहरों और प्रमुख पर्यटक स्थलों को एयर कनेक्टविटी मिल सकेगी.

**संचालन को तीन सेक्टर में बांटा :** हैलीकॉप्टर का संचालन तीन सेक्टरों में किया जाएगा. सेक्टर-1 में इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगौन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर शामिल होंगे. सेक्टर-2 में भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर शामिल होंगे. सेक्टर-3 में जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसिली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकाप्टर सेवा का संचालन किया जायेगा.

**सारणी और अमरकंटक पॉवर प्लांट की लागत बढ़ी:** एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की 660 मेगावाट की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी का पॉवर प्लांट अब 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से बनेगा. कैबिनेट ने पुनरीक्षित लागत के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है.

### सीनियर रेसीडेंट के 354 नये पद भरे जाएंगे

कैबिनेट ने 13 मेडिकल कॉलेजों में नॉन क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल संकायों में सीनियर रेसीडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की मंजूरी दी है. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, विदिशा, रतलाम, खण्डवा, शहडोल, शिवपुरी, दतिया और छिंदवाड़ा में स्थित मेडिकल कॉलेजों में इन पदों का सृजन किया गया हैं. इससे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सकेगा एवं चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण स्नातकोत्तर छात्र सीनियर रेसीडेंटशिप चिकित्सा महाविद्यालय में ही कर पायेंगे.

# हादसे में मासूम समेत 4 जिंदा जले

- अलीगढ़ में नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा
- कार और कैंटर की टक्कर के बाद लगी आग



**अलीगढ़ 23 सितंबर।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे पर एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। गोपी ओवरब्रिज के पास कार और कैंटर की जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में एक बच्चा और एक महिला भी शामिल हैं। हादसे के कारणों और घटनाक्रम की पूरी जानकारी इस प्रकार है। घटना मंगलवार सुबह लगभग 5:45 बजे अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी ओवरब्रिज के पास हुई। जानकारी के अनुसार, कार अलीगढ़ से कानपुर की ओर जा रही थी। अचानक कार के टायर फटने से वाहन बेकाबू हो गया और डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी तरफ जा रहे कैंटर से टकरा गया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार ने कैंटर से टक्कर मारी और तेज धमाके के साथ आग फैल गई। उन्होंने दौड़कर कार से एक व्यक्ति को बाहर निकाला, लेकिन बाकी तीन लोग और कैंटर चालक आग में फंस गए।






# भारत अमेरिका के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण साझेदार : रुबियो

**अमेरिकी विदेश मंत्री और एस जयशंकर की मुलाकात**

**50% टैरिफ लगाए जाने से दोनों देशों में थे तनावपूर्ण रिश्ते**

**न्यूयॉर्क 23 सितंबर. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर की मुलाकात हुई. इस मुलाकात के बाद मार्को रुबियो ने कहा कि भारत अमेरिका के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है।**

इस मुलाकात को दोनों पक्षों के बीच हाल ही में थोड़े तनावपूर्ण हुए संबंधों को सुधारने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि हाल ही में अमेरिकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाने और एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए थे, जिससे दोनों देशों के रिश्ते थोड़े तनावपूर्ण हो गए। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब व्यापारिक टकरावों के कारण दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में थोड़ा तनाव है। भारतीय सामानों पर टैरिफ लगाने और एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने से भारतीय तकनीकी कंपनियों को बड़ा झटका लगा।

## सत्येंद्र जैन की 7 .44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली 23 सितंबर (वार्ता).** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित रूप से दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ईडी ने जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जैन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) का मामला दर्ज किया। आरोप लगाया गया था कि जैन ने दिल्ली सरकार में मंत्री पद पर रहते हुए 14 फ़रवरी, 2015 से 31 मई, 2017 की अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई ने तीन दिसंबर, 2018 को जैन, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। जांच के परिणामस्वरूप, ईडी ने इससे पहले 31 मार्च, 2022 को जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की थीं.



# भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम समझौते पर पहुंचने की उम्मीद

**वाणिज्य मंत्री गोयल ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से की मुलाकात**

**व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा**

**वाशिंगटन 23 सितंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत के लिए न्यूयॉर्क में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात की.**


सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया और दोनों पक्षों को जल्द ही एक अंतरिम समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है. पीयूष गोयल ने इससे पहले कहा था कि भारत अमेरिका के साथ ही अन्य देशों से भी नए व्यापारिक समझौतों पर कदम बढ़ा रहा है. भारत और अमेरिका दोनों ने अभी तक इस नवीनतम बैठक के बारे में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. बैठक के बारे में भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया, व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई. इस संबंध में प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया.

# भारत जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आई क्रांति

## आयुष्मान भारत योजना के 7 साल पूरे

**नई दिल्ली 23 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया। पीएम मोदी ने लिखा- 'आज हम आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने का मना रहे जश्न' प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में इस योजना का जिक्र करते हुए कहा, आज हम आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।**

यह एक ऐसी पहल थी, जिसने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाने, करुणा और तकनीक मानव सशक्तीकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के 'माई गव इंडिया' अकाउंट पर भी इस योजना का जिक्र किया। इस योजना का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा गया कि शासन में सच्चा नेतृत्व भविष्य की जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने में निहित है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूरे होने पर, भारत एक स्वास्थ्य सेवा क्रांति का जश्न मना रहा है, जिसने 55 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा, सार्वभौमिक पहुंच और सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है।






| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 50 000 |